एक्सप्रेसवे-हाईवे पर आसानी से चार्ज होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

जासं • लखनऊ : आपके पास इलेक्ट्रिक वाहन हैं और लंबी दूरी पर जाने की सोच रहे हैं तो अब एक्सप्रेसवे और हाईवे पर चार्जिंग के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। लगातार बढ़ रही इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या को देखते हुए तेल कंपनियां अब इलेक्ट्रिक चार्जिंग की सुविधा भी दे रही हैं। लखनऊ सहित आसपास के जिलों में फैले एक्सप्रेसवे और हाईवे पर चार्जिंग की सुविधा देने की तैयारी तेज से चल रही है। इंडियन आयल की 2027 तक 1300 और जगहों पर यह सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है।

प्रदेश में छह लाख के करीब इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। जाहिर है जितनी तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर नजर आ रहे हैं उतनी ही ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों की आवश्यक्ता भी पड़ रही है। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि सभी महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे और हाइवे चार्जिंग स्टेशनों से कवर किए जाएंगे। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ेगी आवश्यकतानुसार आंकलन करके चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार करने की योजना है। इंडियन आयल की वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 580 स्टेशन लगाने की योजना थी।

सात चार्जिंग स्टेशन स्थापित

संवादसूत्र, जागरण • सरोजनीनगर : राजधानी में कुल 17 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अमौसी एयरपोर्ट, जीडी . टायर एंड इंडस्ट्रीज, हिंदनगर, पीटीसी इंडस्ट्रीज, कटी बगिया, ड्रीम वर्ल्ड रिजार्ट, जुनाबगंज, एसकेडी हास्पिटल के निकट बारिगवां, सुशांत गोल्फ सिटी एवं जोनल पार्क, आशियाना में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है। विधायक ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी देते हुए लिखा 28 जुलाई 2022 को परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए आग्रह किया था।